हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 13 सितंबर 2026

04 वर्षों से अलग रह रहे दंपतियों ने न्यायाधीश...



07 नेशनल लोक अदालत में 1298 प्रकरण का निराकरण, राजीनामे से ...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

ITS कॉलेज के छात्रों ने चतुर्थ सेमेस्टर में लहराया परचम



गुना। क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में ITS कॉलेज गुना के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किए। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम में कृतिका जैन ने 81.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नेहा यादव ने 81.14 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा विवेक व्यास ने 80.45 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन को इस सफलता का आधार बताया।

कथा में भगवान कृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया



बजरंगगढ़। कस्बे में छोटे जैन मंदिर के समीप स्थित सोनी धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु मधुर भजनों पर गाते और झूमते हुए नजर आ रहे हैं। कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा का वाचन पंडित मनमोहन भार्गव द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भक्तिभाव से वर्णन किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। मद्भागवत कथा का समापन 12 सितंबर को हवन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा। कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं धर्मप्रेमी बंधु, बजरंगगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां



गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता में विवेक कॉलोनी स्थित हरीश सोनी के निवास पर कवि गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जयराम सिंह बिसेन, विशेष अतिथि हरीश सोनी तथा सारस्वत अतिथि नरेंद्र भार्गव 'पद्म' रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना नीलम कुलश्रेष्ठ ने प्रस्तुत की। संचालन गीतकार सुनील शर्मा 'चीनी' ने किया। कवियों ने प्रेम, सामाजिक सरोकार, युद्ध, महंगाई, बेटी बचाओ और बदलते रिश्तों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विष्णु साथी ने माता-पिता के सम्मान, प्रेम सिंह 'प्रेम' ने नेपाल त्रासदी, नरेंद्र भार्गव 'पद्म' ने युद्ध की विभीषिका तथा उमाशंकर भार्गव ने कन्या भ्रूण हत्या पर रचनाएं सुनाईं। संजय खरे 'सहज', हरीश सोनी, रवि शर्मा 'बंजारा', कीर्ति मोरोलिया, धर्मवीर सिंह, रामवीर शर्मा सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर हरीश सोनी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें शॉल, फल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

बिजली कंपनी के काउंटर पर हुई तीखी बहस, पुलिस ने संभाला मोर्चा

लोक अदालत में बिजली बिल को लेकर विवाद, उपभोक्ता हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब बिजली कंपनी के हेल्प डेस्क/काउंटर पर एक उपभोक्ता और विद्युत अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर मौजूद पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया।

यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार, ग्राम उकावद निवासी अनिल रघुवंशी अपने बिजली बिल से जुड़े प्रकरण के समाधान के लिए लोक अदालत पहुंचे थे। बिजली कंपनी के काउंटर पर जब वे अपने प्रकरण की जानकारी ले रहे थे, तभी बिल की राशि को लेकर अधिकारियों से उनकी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि काउंटर पर हंगामा और गाली-गलौज की स्थिति निर्मित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और विद्युत अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता अनिल रघुवंशी अचानक आक्रोशित हो गए और अधिकारियों पर झूठा केस बनाने का आरोप लगाते हुए अभद्र व्यवहार करने लगे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से काउंटर पर तैनात कर्मचारी और अधिकारी भी भड़क गए। न्यायालय परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और युवक को अपनी अभिरक्षा में ले लिया।

मामले में बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि अनिल रघुवंशी के नाम पर पूर्व में बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया था, जिसका पंचनामा भी तैयार हुआ था। अनाधिकृत रूप से मोटर चलाकर बिजली उपयोग करने पर कंपनी द्वारा उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी कर करीब 15 हजार रुपये का बिल भेजा गया था। शनिवार को लोक अदालत के माध्यम से इसी चोरी के केस का समझौता व निराकरण किया जा रहा था। अधिकारियों का आरोप है कि नियमानुसार प्रक्रिया समझाने के दौरान अनिल रघुवंशी अचानक उत्तेजित हो गए और कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगे।

उपभोक्ता ने आरोपों से किया इनकार

दूसरी ओर, हिरासत में लिए गए अनिल रघुवंशी ने गालियां देने के आरोप से साफ इनकार किया है। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनके मोबाइल पर अचानक 15 हजार रुपये का बिजली बिल थमा दिया गया, जिसमें मोटर चलाने का प्रभार जोड़ा गया था। अनिल का कहना है कि वे किसी तरह की मोटर का इस्तेमाल नहीं करते हैं और अस्वस्थ रहते हैं। वे लोक अदालत में केवल इस बात की निष्पक्ष जांच की मांग करने आए थे कि जब उन्होंने मोटर चलाई ही नहीं, तो उन पर इतना भारी-भरकम बिल क्यों लादा गया।

उन्होंने स्वीकार किया कि बिल देखकर वे आक्रोश में जरूर आ गए थे और तेज आवाज में बात की थी, लेकिन उन्होंने किसी के साथ गाली-गलौज नहीं की। फिलहाल पुलिस युवक को थाने ले गई है और दोनों पक्षों के बयानों व घटनाक्रम के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

युवक ने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोचिंग संचालक शिक्षक पर ब्लैकमेलिंग का आरोप वीडियो बनाकर बताई वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कुंभराज थानांतर्गत भमावद चौकी क्षेत्र के ग्राम भमावद में शुक्रवार देर रात एक युवक द्वारा खेत में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक ने फांसी लगाने से ठीक पहले खेत में एक वीडियो बनाया और सुसाइड नोट की तरह अपनी बात रखी, जिसमें उसने स्थानीय कोचिंग संचालक शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक की पहचान राजेंद्र केवट पुत्र रूपसिंह केवट निवासी भमावद के रूप में हुई है। अपने अंतिम वीडियो में राजेंद्र ने कहा कि उसकी मौत का जिम्मेदार एक शिक्षक है, जो गांव में कोचिंग सेंटर चलाता है। राजेंद्र का आरोप है कि शिक्षक ने एक लड़की को डरा-धमकाकर उस पर लड़की से बात करने का झूठा आरोप लगाया और रिकॉर्डिंग के जरिए लड़की को भी ब्लैकमेल किया। राजेंद्र ने वीडियो में बताया कि उस लड़की से उसका भाई-बहन जैसा पवित्र रिश्ता था। जब लड़की ने शिक्षक की हरकतों के बारे में उसे बताया, तो आरोपी शिक्षक ने दोनों को फंसाने और लड़की के परिजनों से पिटवाने की धमकी दी। राजेंद्र ने प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि लड़की को बचाया जाए और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। भमावद चौकी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

इनका कहना है...

कल रात एक लड़के ने वीडियो बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। लड़के की उम्र 17 साल के लगभग है। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। मृतक ने एक कोचिंग संचालक पर आरोप लगाए हैं।-

पंकज त्यागी,
थाना प्रभारी कुंभराज

नपा की कार्रवाई, अमानक पॉलिथीन जब्त

मंडी रोड और उमरी क्षेत्र में दुकानदारों पर ठोका जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार नगर पालिका अमले ने शहर में स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की है। अतिक्रमण दस्ता और स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वच्छता टीम द्वारा विगत रात्रि चार अलग-अलग टीमें गठित कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण और चालानी कार्रवाई की गई।


कार्रवाई के दौरान कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी एवं उमरी रोड क्षेत्र की दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान मां दुर्गा एंटरप्राइजेज और जैन श्री रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करते हुए 27 किलो 500 ग्राम प्रतिबंधित अमानक पॉलीथीन जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 6 हजार रुपये है। अमानक पॉलीथीन का उपयोग करने पर संबंधित दुकानदारों पर 4 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने मां दुर्गा एंटरप्राइजेज सहित सभी व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में अमानक पॉलीथीन का उपयोग मिलने पर इससे भी भारी जुर्माना वसूला जाएगा।

इसके अलावा, बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से अतिक्रमण दस्ते द्वारा 2500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं स्वच्छता टीम के मौकम प्रजापति द्वारा शहर में स्वच्छता शुल्क के रूप में 1500 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान शकील खान, अमित कुमार, शोभित जादौन, वीरू खटीक तथा सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के राजेश माझी एवं आदित्य सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पॉलीथीन और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

दो बाइकों की भीषण भिड़ंत, 2 की मौत

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे बाइक चालक को बताया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में गुना-आरोन रोड स्थित भिलैरा की नीचे वाली पुलिया के पास गत शाम बारिश के बीच दो मोटरसाइकिलों की भीषण भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सडक़ पर जा गिरे। घायलों और मृतकों को 112 वाहन से जिला अस्पताल लाया गया। शनिवार को दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। खास बात यह है कि जिला अस्पताल में दर्ज दोनों देहाती नालसियों में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की मोटरसाइकिल के चालक को तेज और लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हादसे की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार हादसा 11 सितंबर को दोपहर करीब 3.15 बजे हुआ। आरोन के बरवटपुरा निवासी जितेंद्र पुत्र नारायण सिंह कुशवाह उम्र 20 वर्ष मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-6670 से अपने ताऊ के बेटे राजकुमार पुत्र मनीराम कुशवाह और दोस्त कान्हा वंशकार के साथ गुना से वापस आरोन की ओर जा रहा था। भिलैरा पुलिया के पास सामने से आई मोटरसाइकिल एमपी 08-6385 से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। जितेंद्र को गंभीर चोटें आईं और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राजकुमार और कान्हा भी घायल हुए। परिजनों के अनुसार जितेंद्र पंचर की दुकान पर काम करता था।

दूसरी बाइक नारायण सिंह जाटव पुत्र रोडया जाटव (40) निवासी सिंगारपुर थाना म्याना चला रहे थे। उनके बेटे जगदीश जाटव ने पुलिस को बताया कि वे एक रिश्तेदार के यहां गमी के कार्यक्रम से ग्राम मुंडा खेजरा से लौट रहे थे। नारायण आगे बाइक से चल रहे थे, जबकि जगदीश अपने दादा के साथ दूसरी मोटरसाइकिल से पीछे आ रहा था। टक्कर में नारायण के सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं और जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजकुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया, जबकि जगदीश की रिपोर्ट पर धारा 106(1) के तहत कार्रवाई की गई। अब पुलिस घटनास्थल, वाहनों की स्थिति और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर यह पता लगा रही है कि दुर्घटना किसकी लापरवाही से हुई।

दर्शन करने गए युवक की गादेर गुफा मंदिर के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज किया

गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध गादेर गुफा मंदिर परिसर से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। विनायक खेड़ी रोड स्थित शिव कॉलोनी (गुना) निवासी फरियादी संस्कार शर्मा (20) ने अपने दोस्त गोलू पाल के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत दोपहर करीब 3:30 बजे वह अपनी पत्नी राधिका शर्मा के साथ मोटरसाइकिल एमपी 33-4736 से गादेर गुफा मंदिर पहुंचे थे। करीब एक घंटे बाद दर्शन कर वापस लौटे तो बाइक गायब थी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राघौगढ़ के डोबा में पुरानी रंजिश पर युवक पर किया हमला, बाइक में की तोड़फोड़

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोबा में करीब दो माह पुराने विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने एक युवक के साथ लाठी-लुहांगी से मारपीट कर दी और उसकी बाइक में तोडफ़ोड़ की। फरियादी अजय शिवहरे (23) ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई की होंडा साइन बाइक से राघव मीना की दुकान पर सामान लेने गया था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गोविंद राय और उसका पिता अजब सिंह राय आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर गोविंद ने डंडे से हमला कर दाहिने हाथ में चोट पहुंचाई, वहीं अजब सिंह ने लुहांगी से बाएं हाथ पर वार किया। इसके बाद दोनों ने अजय को जमीन पर पटककर लाठियों से पीटा और बाइक में तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया।

शांति समिति की बैठक में त्योहारों की व्यवस्थाओं पर किया मंथन

बेहतर व्यवस्था वाली तीन समितियां होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी गणेशोत्सव, झांकी एवं प्रतिमा विसर्जन सहित अन्य त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों के सुझाव सुने गए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि गुना जिले की गौरवशाली परंपरा आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता की रही है। सभी नागरिक इसी भावना के साथ त्योहार मनाएं और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी आयोजक प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने झांकी समितियों से कहा कि मुख्य मार्गों को अवरुद्ध करते हुए पंडाल नहीं लगाए जाएं। आयोजन स्थलों पर सुरक्षा, विद्युत, फायर सेफ्टी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का बेहतर पालन करने वाली प्रथम तीन झांकी समितियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये, द्वितीय 21 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। जनसहयोग से प्राप्त राशि के संबंध में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आठ सदस्यीय समिति गठित की जाएगी, जिसमें चार प्रशासनिक अधिकारी तथा प्रतिनिधि शामिल होंगे।

हर आयोजन में सुरक्षा की जिम्मेदारी आयोजकों की भी

पुलिस अधीक्षक ने हितिका वासल ने कहा कि गणेशोत्सव को लेकर थाना स्तर तथा तहसीलदार, एसडीएम एवं एसडीओपी स्तर पर बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने झांकी समितियों के आयोजकों से कहा कि प्रत्येक समिति अपने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। प्रत्येक पंडाल में कम से कम एक वॉलंटियर की मौजूदगी रहे। आवश्यकता अनुसार आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर रखें, ताकि किसी भी सूचना या समस्या की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जा सके। आयोजक अपने क्षेत्र के निकटतम रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा संबंधित थाना प्रभारी, सीएसपी या अन्य संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी अपने पास रखें और किसी भी आवश्यक सूचना की जानकारी उन्हें तत्काल दें।

जेसीआई वीक के अंतर्गत प्रिंस ग्लोबल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जेसीआई गुना पायनियर द्वारा जेसीआई वीक के अंतर्गत प्रिंस ग्लोबल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की और विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति, तर्कशक्ति, अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। संस्था के उपाध्यक्ष अनुज कु. जैन ने बताया कि बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि उचित मंच और प्रोत्साहन मिलने पर युवा अपनी सोच एवं विचारों को प्रभावशाली तरीके से समाज के सामने रख सकते हैं।

जेसीआई गुना पायनियर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं तार्किक सोच को विकसित करना रहा।कार्यक्रम में जेसीआई गुना पायनियर के अध्यक्ष डॉ. गौरव जैन, सचिव रविंद्र रघुवंशी, कोषाध्यक्ष निकित जैन, महिला विंग चेयरपर्सन प्रियंका अग्रवाल, महिला विंग सचिव निकिता अग्रवाल, दिव्या जैन, पूर्व अध्यक्ष मयंक अग्रवाल एवं सागर अग्रवाल सहित संस्था के सदस्य जगदीप रघुवंशी एवं सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे। जेसीआई गुना पायनियर के सदस्यों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए प्रेरित किया।विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों से पूरा कार्यक्रम उत्साह और ऊर्जा से भर गया तथा जेसीआई वीक का यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया।

समाचार संक्षेप

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस, गुना वन मंडल में वीर वनकर्मियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



गुना। वन, वन्यजीव और पर्यावरण की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर वनकर्मियों की स्मृति में शुक्रवार को गुना वन मंडल परिसर में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर और शहीद वनकर्मियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नम आंखों से नमन किया।

कार्यक्रम में 11 सितंबर के ऐतिहासिक महत्व और 1730 के प्रसिद्ध खेजड़ली आंदोलन का उल्लेख किया गया, जहां अमृता देवी विश्नोई के नेतृत्व में 363 विश्नोई समाज के लोगों ने हरे खेजड़ी वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इसी अमर बलिदान की स्मृति में देश में प्रतिवर्ष 11 सितंबर को वन शहीद दिवस मनाया जाता है। वक्ताओं ने बताया कि मैदानी वनकर्मी विपरीत परिस्थितियों, वन माफियाओं के हमलों, दावानल (जंगल की आग), वन्यजीव संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं के बीच सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर प्रकृति की रक्षा करते हैं। गुना वन मंडल में आयोजित यह कार्यक्रम वन संपदा की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी, उप वन मंडल अधिकारी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

जामनेर में आज लगेगा निशुल्क नेत्र दंत व आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

चाचौड़ा। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर (म.प्र.) एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 13 सितंबर 2026, रविवार को ग्राम जामनेर में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, दंत रोग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत भवन, जामनेर में होगा। शिविर में नेत्र रोगों की जांच, मोतियाबिंद मरीजों की जांच एवं ऑपरेशन के लिए चयन, आवश्यक दवाइयां एवं चश्मे की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, आनंदपुर ले जाने की सुविधा ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।आयुर्वेदिक चिकित्सा की भी मिलेगी निःशुल्क सुविधाशिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा विभिन्न सामान्य रोगों की जांच एवं परामर्श भी निशुल्क दिया जाएगा।

अब तक 940.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 01 जून से अब तक 940.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 89.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1646.6 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 12 सितम्बर 2026 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 767.4 मिलीमीटर, बमोरी में 641.6, आरोन में 747.0, राघौगढ़ में 853.0, चांचौड़ा में 982.0, कुम्भराज में 1168.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1425.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 17.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 7.4 मिमी., बमोरी में 24.4 मिमी., आरोन में 14.0 मिमी., राघौगढ़ में 14.0 मिमी., चांचौड़ा में 9.0 मिमी., कुंभराज में 38.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 17.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

चांचौड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन, आपसी सहमति से निपटाए विवाद

वर्षों से अलग रह रहे दंपतियों ने न्यायाधीश के समक्ष एक-दूसरे को पहनाई माला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को चांचौड़ा न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के पूजन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर सहित विभिन्न विभागों के प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इस दौरान वर्षों से चले आ रहे विवादों को पक्षकारों ने आपसी रजामंदी से समाप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला गुना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान चांचौड़ा न्यायालय में जिला सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल, जिला सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया, न्यायाधीश रविन्द्र कुमार शिल्पी, न्यायाधीश अंकित जैन, न्यायाधीश सुश्री प्रियम सेन सहित अभिभाषक संघ चांचौड़ा के सचिव रंजीत सिंह गौर एडवोकेट, उपाध्यक्ष दिनेश दास वैरागी, कार्यकारिणी सदस्य समीना बानो एवं जयराज सिंह खींची उपस्थित रहे।नेशनल लोक अदालत में कई विवाहित दंपतियों के बीच चल रहे विवादों का आपसी सहमति से निराकरण हुआ। अंतर बाई सोनी एवं प्रमोद सोनी के प्रकरण में दोनों करीब चार वर्षों से अलग रह रहे थे। दंपती की दो संतान हैं। आवेदिका अंतर बाई सोनी की ओर से अधिवक्ता दिलीप कुमार लोधी तथा अनावेदक प्रमोद सोनी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप कुमार शर्मा ने पैरवी की। जिला सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल के न्यायालय में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से राजीनामा कर विवाद समाप्त किया।इसी प्रकार भारती एवं हरपाल सिंह व अन्य के प्रकरण में भी राजीनामा हुआ। दंपती की दो संतान हैं। प्रकरण में आवेदिका की ओर से अधिवक्ता रंजीत सिंह गौर ने पैरवी की। न्यायाधीश सुश्री प्रियम सेन के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण का दोनों पक्षों की सहमति से निराकरण किया गया। राम बाई अहिरवार एवं अमरचंद अहिरवार के प्रकरण में भी पक्षकारों ने आपसी सहमति से राजीनामा किया। आवेदिका की ओर से अधिवक्ता राजवीर सिंह तथा अनावेदक की ओर से अधिवक्ता रंजीत सिंह गौर ने पैरवी की।

पिछड़ा वर्ग सम्मान दिवस समारोह में 76 समाजसेवी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. रामजी महाजन की 27वीं पुण्यतिथि पर संयुक्त माली सैनी मरार समाज मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल के महात्मा फुले भवन, अरेरा कॉलोनी में प्रदेश स्तरीय 'पिछड़ा वर्ग सम्मान दिवस समारोह' आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जी.पी. माली (अपर कलेक्टर, सेवानिवृत्त) ने की। समारोह में समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा, पत्रकारिता, व्यवसाय, विधि एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 76 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। गुना जिले के सामाजिक कार्यकर्ता सतीश सैनी को समाजसेवा के क्षेत्र में स्व. रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान से सम्मानित किया गया।

उन्हें कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सवनानी, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। सतीश सैनी को सम्मान मिलने पर समाजबंधुओं, इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों ने शुभकामनाएं दीं।

ग्राम बजरंगढ़ में कल से शुरू होगा दस दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बजरंगगढ़

ग्राम बजरंगगढ़ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर दस दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव धूमधाम एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ग्राम के हृदय स्थल मुख्य बाजार में स्थित प्राचीन श्री गणपति मंदिर पर 14 सितंबर 2026 से शुरू होकर 25 सितंबर 2026, अनंत चतुर्दशी तक विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री गणपति मंदिर पिछले कई वर्षों से ग्रामवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। गणेश जन्मोत्सव के दौरान न केवल बजरंगगढ़ बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री गणेश के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं। पूरे उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। मंदिर के पुजारी पं. चन्द्रहास राजस्नेह ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन भगवान श्री गणेश का विशेष पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। सुबह से ही मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो जाएगा। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा, श्रद्धालु शामिल होंगे।

प्रवचन माला जीवन में सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचना है तो लक्ष्य को बड़ा बनाएं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



युग दृष्टा आध्यात्म योगी, संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में मंगल प्रवचन करते हुए रहमेशा लक्ष्य बड़ा बनायेरइस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा जीवन के हर क्षेत्र में परिवार, व्यापार, शिक्षा सभी क्षेत्रों में सर्वोच्च सफलता पाने के लिए लक्ष्य हमेशा बड़ा बनाये। लक्ष्य छोटा बनाने वाले साहषी नहीं होते हैं। आपने कहा अपना लक्ष्य बड़ा बनाकर उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक-एक सीढ़ी पर चढ़कर सफलता पाना चाहिए। लक्ष्य का उद्देश्य सही होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी। उदाहरण देते हुए कहा एक व्यक्ति अपने साले से हमेशा यह कहते थे कि तुम चाह कितने ही आगे बढ़ जाओ मैं तुम्हारा जीजा हूं पैर तो हमेशा मेरे ही छुओगे। उस व्यक्ति ने लक्ष्य बनाकर नींव से लेकर ऊपर तक सफलता पाई और एक दिन उसे वैराग्य हो गया मुनि दीक्षा ले ली। उसे समय यह स्थिति बनी कि जीजा जी को साल के पैर सार्वजनिक रूप से छूकर आशीर्वाद लेने का अवसर आया। मुनिराज ने कहा आज से 20 वर्ष पूर्व एक सिगरेट के विज्ञापन में लिखा था रमैं चाहता हूं वह पाकर ही रहता हूं। विज्ञापन के इस वाक्य को मैंने नकारात्मक दृष्टि से न देखकर सकारात्मक दृष्टि से देखा और लक्ष्य बनाया मैं स्वयं आज आपके बीच सब कुछ छोड़कर मुनि के रूप में बैठा हूं। हमें नकारात्मकता में भी सकारात्मक को खोज लेना चाहिए। अपने आगे कहा महाभारत में द्रोपदी ने कहा था अंधे के अंधे होते हैं इस एक बात ने महाभारत का युद्ध करा दिया। इसी प्रकार एक शब्द व्यक्ति के जीवन को बदलने का कारण बन जाता है। उद्देश्यहीन जीवन नीरस होता है। आपने जो लक्ष्य बनाया है हर समय उस लक्ष्य को पूर्ण करने की भावना होना चाहिए। मंदिर में जाकर भगवान की पूजन और विपरीत परिस्थितियों से जूझता दोनों जरूरी है भगवान को पूजने से पुण्य मिलेगा और परिस्थितियों से जूझने से निश्चित सफलता मिलेगी।

छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर आधारित विभिन्न गतिविधियां की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न गतिविधियों, भाषण एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राजदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ हमारी संस्कृति, संस्कार और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा का सम्मान करने तथा दैनिक जीवन में हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका तथा अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को हिंदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, प्रेम एवं जागरूकता विकसित करना रहा। विद्यालय परिवार द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को हिंदी भाषा के महत्व को समझने और इसे अपनाने का संदेश दिया गया।

दिल्ली सराय रोहिल्ला से अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ



यात्रियों की सुविधा एवं आनंदपुर ट्रस्ट में आयोजित श्री 108 गुरु महाराज के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर यात्रियों/श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोकनगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोकनगर स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.09.2026 (गुरुवार) को दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन फरीदाबाद स्टेशन होते हुए कोसीकलां मथुरा जंक्शन गंगापुर सिटी जंक्शन सोगरिया गुना के रास्ते हुए अशोकनगर स्टेशन पर 18 सितंबर की रात 3 बजे पहुंचेगी। वापिसी में यह ट्रेन 21 सिंतबर को अशोकनगर स्टेशन से शाम 5बजे नईदिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी जो व्हाया गुना कोटा के रास्ते 22 सितंबर को सुबह 8.45 बजे रोहिल्ला स्टेशन पहुंचेगी। 24 कोच की होगी स्पेशल ट्रेन इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड एसी, 02 स्लीपर, 19 सामान्य श्रेणी कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल हैं।

अशोकनगर जिले के आनंदपुर में इन दिनों आध्यात्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पंचम पादशाही गुरु महाराज के 100वें जन्मोत्सव को लेकर देश ही नहीं, विदेशों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसे लेकर यह ट्रेन अशोकनगर पहुंचेगी।


एपीएस एकेडमी मिटटी के गणेश को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया



अशोकनगर। पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी के ही गणेश घर पर लाऐगे के तहत एपीएस अकेडमी अशोकनगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं उनके पेरेंट्स के द्वारा मिट्टी के गणेश बनाए गए और उनको अपने घर पर स्थापित किया जाएगा। एपीएस स्कूल विगत 3 वर्षों से इस कार्यशाला का आयोजन कर रहा है कार्यशाला में 263 बच्चों ने भाग लिया। सभी के घर मिट्टी के गणेश जी की स्थापना की जाएगी। कार्यशाला में एपीएस एकेडमी के डायरेक्टर एवं लायन्स क्लब अशोकनगर वेस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी वार्ड नंबर 3 से पार्षद हेमलता रघुवंशी, प्रिंसिपल प्रिंस सोनी एवं समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

साइंस ऑफ लिविंग के सत्र में मुनि ने कहा कि कहां खो गईं संवेदनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के सत्र में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है हमारी संवेदनाएँ। जितने भी विदेशी भारत में आये उन्होंने यहाँ पर आकर प्रेम करना, करुणा करना और वात्सल्य से भरा व्यवहार देखा और सीखा।

उन्होंने कहा कि लॉर्ड मैकाले ने जो पत्र अपने पिता और इंग्लैंड के राज परिवार को लिखा उसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, यहाँ के संस्कारों का, यहाँ की सभ्यता का स्पष्ट उल्लेख किया है। भारत की जनता का अपने राजा के प्रति समर्पण भाव रखना और राजा के बनाये नियमों का पालन करना यहां के संस्कारों में सदा ही रहा है। यह सभी बातें उसे इतनी अधिक प्रभावित करने वाली लगीं। क्योंकि उसने यहाँ के संस्कारों की आधारशिला को समझा। यहाँ गुरुकुल व्यवस्था प्रत्येक गाँव में थी। जिसमें संस्कारों के साथ-साथ सभी तरह का ज्ञान-विज्ञान दिया जाता था।

वहाँ सभी विद्यार्थी अपने गुरुजनों की विनय, भक्ति और पूजा आदि के माध्यम से ज्ञानार्जन करते थे। ज्ञानार्जन के बाद वे बालक अपने गुरुजनों के बताये मार्गदर्शन से अपने जीवन के उस श्रेष्ठतम पद को भी प्राप्त करते थे। आज हमें स्वराज्य मिला पर सुराज नहीं मिला। आज हमें शिक्षा मिली पर ज्ञान नहीं मिला। आज हमें आज़ादी मिली पर रामराज्य नहीं मिला। वह रामराज्य जहाँ एक ही छत के नीचे सारा परिवार एक साथ रहे। जहाँ दृष्टि में सुविधा नहीं, संस्कार हो। जहाँ मेरा-तेरा नहीं, सबकुछ सबका हो। जहाँ धन का नहीं, धर्म का महत्त्व हो। वो मेले, वो झूले, वो बारिश का आनंद। जहाँ सत्य हो, सात्त्विकता हो, सरलता हो, सहजता हो। ऐसा मेरा भारत हो।

चुनाव के दौरान मुंगावली में घुमक्कड़ जाति के लोगों को पटटे् देने की घोषणा की थी

32 परिवारों को पटटे् देने की घोषणा पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता में उठाया मुद्दा



जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा, मुंगावली के वार्ड 15 में घुमक्कड़ जाति के 32 परिवारों को चुनाव के दौरान पटटे् देने की बात के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह परिवार तब से आज तक लगातार चक्कर काट रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव यादवेन्द्र यादव ने पत्रकारों को बताया कि मुंगावली नगर परिषद के वार्ड क्र. 15 नवीन कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित बस्ती में निवासरत 32 लोगड़िया पारे (घुमक्कड़ जाति) के परिवारों के अनुसार 2023 के आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ स्थानीय नेताओं के द्वारा भाजपा पार्टी को मतदान करने की शर्त पर आवासीय पट्टे देने की बात की थी जिसके दस्तावेजों पर मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2023 अंकित हैं अब विधानसभा चुनाव को 3 वर्ष से अधिक का समय हो जाने पर भी उन 32 परिवारों को नगरपालिका, एसीडएम तहसील, कलेक्ट्रेट में कई बार भटकने के बाद भी उन पट्टों का आज दिनांक तक कोई कब्जा भी नहीं दिया गया है। इन्हे वोटों का लालच दिया गया था, बोट लेने के बाद आज तक उनकी सुध नहीं ली गई।

उक्त पट्टों के विषय को जब सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया गया तो 9 सितंबर को एसडीएम मुंगावली और सीएमओ नगर परिषद मुंगावली द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से एक पत्र जारी किया गया, जिसमें सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर को असत्य एवं खण्डन योग्य बताकर 70 पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार करने, प्रथम प्रकाशन, अंतिम प्रकाशन, दावे, आपत्तियों का जिक्र किया गया है। परंतु किस अधिकारी के द्वारा पट्टे स्वीकृत किए गए, किस प्रकरण क्रमांक के अंतर्गत किए गए एवं किस तारीख को किए गए एवं किस तारीख को और किसके द्वारा पट्टे वितरित किए गए उस प्रेस नोट में स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। जिससे फर्जी पट्टे को लेकर संदेह और बढ़ता जा रहा है। पट्टों की सूची नगर परिषद कार्यालय में है वहाँ अवलोकन करने का उल्लेख किया गया है। जब हमने नगर परिषद से सूची मंगवाई तो उसमें 70 लोगों की सूची दी गई जिसमें 70 पात्र लोगों के नाम दर्ज हैं। परंतु उनका पट्टा हुआ है या नहीं इसका कोई जिक्र नहीं है और न ही उस सूची पर कोई दिनांक अंकित नहीं है। जिसे लेकर कांग्रेस ने फर्जी होने की आंशका जताई है।

कांग्रेस ने पूछा है किस अधिकारी के आदेश से जारी हुए

उक्त पट्टे किस अधिकारी के आदेश से जारी किए गए हैं पट्टों के आदेश का प्रकरण क्रमांक और दिनांक क्या है भू-अधिकार पत्र (पट्टे) किसके द्वारा और किस दिनांक को वितरित किए हैं भू-अधिकार पत्रों (पट्टों) पर सर्वे नं., प्रकरण नंबर और दिनांक क्यों दर्ज नहीं है जबकि चतुर्सीमा दर्शाई गई है यदि पट्टे वैध हैं तो 3 वर्ष से अधिक समय होने पर हितग्राहियों को कब्जा क्यों नहीं दिया गया हैयदि पट्टे फर्जी हैं तो दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी?

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत रानी अहिरवार निवासी बगुल्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से राजवेन्द्र अहिरवार, अनिल, गुड्डी बाई, अहिरवार निवासी कांकड़ा द्वारा दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी।

तालाब में डूबने से महिला मृत अवस्था में मिली

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम जारसल चक्क निवासी सुमन बाई पत्नि रज्जू आदिवासी उम्र 40 साल खैजरा के हल्का पिपरोदा डेम में मृत अवस्था में मिली है। यह रमेश आदिवासी की दूसरी मां है, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विक्रम पुर निवासी संजू पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवेन्द्र, सर्वेन्द्र और दोनों की पत्नियों ने कुल्हाड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी परमाल सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दीमान पाल निवासी यादव कॉलोनी अशोकनगर ने उससे मारपीट की जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिमरिया चक्क निवासी रामवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भवमान सिंह एवं सीटी अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुअखेडा निवासी चन्द्रपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कृपान, विकास, जयमंडल, गजेन्द्र बंटी, बाबूलाल यादव ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कृपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चन्द्रपाल, ब्रजेन्द्र और पवन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

कलेक्टर ने ग्रापं खुजराई का निरीक्षण किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत खुजराई में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर के बाद शासकीय विद्यालय एवं आंगनवाडी भवन खुजराई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त शासकीय भवन जर्जर स्थिति को देखने हुए अत्याधिक अप्रसन्नता व्यक्त की गई। उक्त कार्यालयों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये गये। निर्देशों में पालन में तत्काल शासकीय स्कूल को पंचायत भवन में एवं आंगनवाडी भवन को जन आरोग्य केन्द्र में शिफ्ट किया गया है।

अवैध रूप से शराब के विरुद्ध की कार्रवाई



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में आबकारी विभाग अशोकनगर के वृत मुंगावली की टीम द्वारा निरंतर ग्रस्त एवं दबिश दी गई। इस दौरान ग्राम सागर चक्क, ग्राम नईबसात, ग्राम मीरकाबाद में अवैध मदिरा की शिकायत पर चेकिंग की गई। ग्राम सागर चक्क में 20 पाव मसाला मदिरा जप्त कर प्रकरण कायम किया गया। ग्राम नईबसात में 180 लीटर लाहन जप्त कर मौके पर नष्ट किया गया। व्रत मुंगावली में कुल 2 प्रकरण दर्ज किया गए। इसी क्रम में व्रत ईसागढ़ में ग्राम सिरसी नई में 22 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर प्रकरण कायम किया गया। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

88131391 रुपए राशि का अवार्ड पारित, रक्तदान शिविर भी आयोजित

नेशनल लोक अदालत में 1298 प्रकरण का निराकरण, राजीनामे से सुलझे कई प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। तृतीय नेशनल लोक अदालत में 16 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल 469 मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें आपराधिक प्रकरण 156, क्लेम प्रकरण 04, एन0आई0एक्ट 138 के 195, ट्रेफिक चालान प्रकरण 13, विद्युत प्रकरण 15, सिविल प्रकरण 11, अन्य मामले 35, वैवाहिक प्रकरण 38, मध्यस्थ संबंधी 02 एवं 829 प्रीलिटिगेशन स्तर के मामले शामिल रहे एवं कुल 1298 प्रकरणों में 88,131,391/-रूपये (आठ करोड़ इक्यासी लाख इकत्तीस हजार तीन सौ इंक्यानवे रूपये) राशि का अवार्ड पारित हुआ।

12 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर "उल्लास - एक अभिनव प्रयोग" के अंतर्गत वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सम्माननीय न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पक्षकारगण का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न प्रकार की आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से कुल 70 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया। शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण एवं स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श प्रदान किया गया। इसी अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 10 यूनिट रक्तदान किया। यह रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सहायता सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त जिला परिवहन विभाग द्वारा शिविर में 16 व्यक्तियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए, जिससे आमजन को एक ही स्थान पर आवश्यक शासकीय सेवा का लाभ प्राप्त हुआ।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से परिवार में पुनः लौटी खुशियां

आयोजित नेशनल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तूमराची धुर्वे के न्यायालय में विचाराधीन माता-पिता एवं पुत्र के मध्य मारपीट से संबंधित प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण में माता-पिता एवं पुत्र के बीच आपसी विवाद के कारण संबंधों में कटुता उत्पन्न हो गई थी तथा मामला न्यायालय तक पहुंच गया था। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाईश दी गई तथा उन्हें परिवार के महत्व एवं आपसी प्रेम, सद्भाव और सम्मान के साथ रहने के संबंध में प्रेरित किया गया। समझाइश एवं परामर्श के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर राजीनामा करने की सहमति प्रदान की। तत्पश्चात आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से उक्त प्रकरण का राजीनामा के आधार पर सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया।



लोक अदालत के माध्यम से वर्षों पुराने विवाद का हुआ सौहार्दपूर्ण समाधान

आयोजित नेशनल लोक अदालत में हर्षिता शर्मा गौड़, न्यायाधीश के न्यायालय में विचाराधीन पंजाब नेशनल बैंक विरुद्ध अंकित उर्फ रेशु जैन के प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण ऋण संबंधी विवाद से संबंधित थाए जिसमें 9 लाख रुपये से अधिक की राशि का मामला विचाराधीन था तथा प्रकरण परक्राम्य लिखत अधिनियम यएनएआइए एक्टद्ध के अंतर्गत न्यायालय में काफी समय से लंबित था। नेशनल लोक अदालत के पूर्व उक्त प्रकरण को मध्यस्थता यमीडिएशनद्ध के माध्यम से सुलझाने के प्रयास किए गए। मध्यस्थता के दौरान दोनों पक्षों के मध्य सकारात्मक चर्चा एवं समझौते की संभावना बनीए जिसके परिणामस्वरूप पंजाब नेशनल बैंक विरुद्ध अंकित उर्फ रेशु जैन के मध्य 2 लाख 50 हजार रुपये में आपसी सहमति से राजीनामा करने पर सहमति बनी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश प्रिया चैहान के न्यायालय में विचाराधीन पंजाब नेशनल बैंक विरुद्ध केश कुमारी यादव के चैक बाउंस संबंधी प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण में 10 लाख 57 हजार 801 रुपये 90 पैसे की राशि का विवाद था, जो वर्ष 2023 से न्यायालय में लंबित था। प्रकरण में आरोपी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्ता विष्णु नारायण बिरथरे को नियुक्त किया गया था। सकारात्मक प्रयासों एवं समझाईश के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति बनी और 3 लाख 85 हजार रुपये की राशि जमा कराकर प्रकरण का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

शराब बंद की मांग को लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं

महिलाओं के विरोध के बाद हरकत में आया प्रशासन

बैनर लेकर किया चक्काजाम, प्रशासन ने कार्रवाई का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

चंदेरी तहसील के ग्राम भंडारी में शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर उतर आईं। महिलाओं ने हाथों में 'दारू बंद करो', 'प्रशासन जागो' और 'भंडारी को दारू मुक्त गांव बनाओ' जैसे संदेश लिखे बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। देखते ही देखते महिलाओं की भीड़ सड़क पर जमा हो गई और आवागमन बाधित हो गया। महिलाओं ने सड़क पर एक लाइन खींचकर उसके दोनों ओर खड़े होकर रास्ता रोक दिया। विरोध के बीच सड़क पर काले रंग का टायर भी रख दिया गया। इसके बाद महिलाएं एक-एक करके लाइन पर खड़ी हो गईं। महिलाओं के सड़क पर उतरने से दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई और कुछ ही देर में जाम की स्थिति बन गई। महिलाओं का कहना था कि गांव में शराब की बिक्री से परिवारों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। शराब के कारण घरेलू विवाद बढ़ने के साथ ही युवाओं पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से गांव में शराब की बिक्री और अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की।

प्रशासन को सूचना मिलते ही पहुंची टीम

महिलाओं के चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी और शराब के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से कहा गया कि गांव में यदि कहीं शराब बेचे जाने की जानकारी मिलती है तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें, ताकि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। प्रशासन के आश्वासन के बाद महिलाओं ने सड़क से अपना विरोध समाप्त किया और यातायात बहाल कराया गया। महिलाओं ने कहा कि गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए वे आगे भी प्रशासन का सहयोग करेंगी और शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना जिम्मेदार अधिकारियों को देंगी।

इनका कहना है

हमने नयाखेड़ा में पूरी तरह शराब बिकना बंद करा दिया है। वहीं अन्य जगह भी संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी है। आबकारी विभाग की दुरुस्ती के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया है।
मनीष धनगर, एसडीएम चंदेरी

200 लीटर लाहन किया नष्ट, आरोपी गिरफ्तार

चंदेरी के फतेहाबाद में 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अनुभाग अशोकनगर चंदेरी एवं मुंगावली के एसडीओपी के नेतृत्व में थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के पालन में चंदेरी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए फतेहाबाद चंदेरी में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी चंदेरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फतेहाबाद चंदेरी में एक महिला अपने घर के पीछे हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची शराब को कहीं ले जाने के उद्देश्य से छिपाकर रखे हुए है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके आदेश के पालन में चंदेरी थाना स्टाफ की टीम गठित कर बताए गए स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने बिना विलंब के मौके पर पहुंचकर घेराबंदी एवं दबिश की कार्यवाही की।

दबिश के दौरान आरोपी महिला ममता बाई अहिरवार पति जयराम अहिरवार निवासी फतेहाबाद चंदेरी के घर के पीछे स्थित स्थान से ड्रम में भरी हुई लगभग 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा अवैध शराब को विधिवत जब्त करते हुए महिला आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, साथ ही अवैध शराब के निर्माण में प्रयुक्त होने वाला लगभग 200 लीटर मौके पर मिला लहान पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार नष्ट किया गया। जप्त शराब एवं लहान की कुल कीमत 15 हजार रूपये लगभग है।





मुंगावली पुलिस ने आरोपी के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया

अशोकनगर। जिले की मुंगावली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुमित पुत्र चतर सिंह, जाति मोंगिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी माधौपुर, थाना मुंगावली के कब्जे से एक देशी 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद होने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 420/2026, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया।

अभियान के तहत जनकल्याण और जनभागीदारी की गतिविधियां प्रभावी रूप से संचालित करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर में सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। कलेक्टर साकेत मालवीय ने अभियान की तैयारियों के संबध में बैठक आयोजित कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन स्तर से निर्धारित गतिविधियों का जिले में प्रभावी एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देते हुए सेवा, सुशासन और जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अभियान के लिए विभागवार एवं तिथिवार कार्य योजना तैयार की जाए तथा सभी गतिविधियों के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों को भी सेवा-संकल्प अभियान में सम्मिलित किया जाए। अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को जिले में जनकल्याण एवं जनसंवाद से संबंधित विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।



जन प्रतिनिधियों के साथ सेवा संकल्प अभियान को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के संबंध में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गूगल मीट से मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित जन प्रतिनिधिगण एवं वुर्चअल रूप से समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,सीएमओ तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान में जनप्रतिनिधियों के समन्वित सहयोग से गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अभियान के संचालन हेतु जिले की कार्ययोजना हेतु सुझाव चाहे गये। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों, क्रियान्वयन तथा जिले में अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में कलेक्टर ने जिले में अभियान के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सेवा, स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता, हितग्राही कल्याण, युवा नवाचार एवं नागरिक दायित्व से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने समाज में आये बदलाव की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाने के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि प्रत्येक हितग्राही, मतदान केंद्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर 'आशीर्वाद की दिया' के तहत की गई तैयारियों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सफल बनाया जाए,साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर,स्वास्थ्य कैंप सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। उन्होंने अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा।

दंडवत यात्रा निकाली, कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को लेकर विरोध जताया

मांगों को लेकर नगर परिषद पहुंचा कांग्रेस का जत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली





नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं और विभिन्न जन समस्याओं को लेकर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मुंगावली के तत्वावधान में अनूठे तरीके से दंडवत यात्रा निकाली गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शोभाराम राजपूत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता दंडवत करते हुए विद्यार्थी चौराहा से नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। जहाँ नगर परिषद अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर नगर की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। दंडवत यात्रा के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं को लेकर नगर परिषद प्रशासन के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नगरवासी लंबे समय से जर्जर सड़कों, गंदगी और नालियों की सफाई, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप, बंद स्ट्रीट लाइटों, राशन तथा आवास योजना जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान हैं। ज्ञापन में स्टेशन रोड की जर्जर सड़क का शीघ्र निर्माण कराने के साथ नगर की उन गलियों में सीसी सड़क निर्माण कराने की मांग की गई जहां अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है।

कांग्रेस ने कहा कि खराब सड़कों के कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को लेकर नियमित रूप से मच्छरनाशक दवा का छिड़काव कराने तथा सभी नालियों की नियमित और समुचित सफाई कराने की मांग की। उनका कहना था कि गंदगी और मच्छरों की समस्या से नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ज्ञापन में नगर के विभिन्न स्थानों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराने की मांग भी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रात के समय अंधेरे के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी स्ट्रीट लाइटों का चालू रहना आवश्यक है कांग्रेस ने नगर के पात्र परिवारों को राशन योजना का लाभ दिलाने के लिए सर्वे कराकर पात्र परिवारों की राशन पर्ची बनाए जाने की मांग की।

वहीं वार्ड क्रमांक 15 में पट्टाधारियों एवं पात्र आदिवासी परिवारों का सर्वे कराकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की अन्य पात्र योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग रखी गई ज्ञापन में नगर पालिका कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी की गई, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि नगर की समस्याओं का शीघ्र और समयबद्ध निराकरण नहीं किया गया तो नगरवासियों के साथ चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन महोत्सव का आयोजन किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्वेतांबर जैन समाज के पर्वधिराज पर्युषण महापर्व भक्ति भाव से मनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें क्रम में सर्व प्रथम प्रतिक्रमण का आयोजन श्रावक ऋषभ रामशना के मुखारबिंद से नित्य सुबह शाम हो रहा है। जिसके बाद प्रार्थना, अभिषेक, पूजन, आरती एवं प्रवचन का आयोजन हो रहा है।

श्री वासुपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर में शनिवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन श्रावक अनिल तेलरा ने किया। श्रावक श्री ने भगवान महावीर के जीवन के ऊपर प्रकाश डालते हुए सभी श्रावक एवं श्राविकाओं को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद भगवान महावीर स्वामी के जन्म से पहले माता त्रिशला के 14 स्वप्न एवं पालने का चढ़ावा बोला गया। जिसका लाभ विभिन्न परिवार जनो ने लिया। भगवान महावीर स्वामी के पालने के लाभार्थी राजेंद्र कुमार, गौरव कुमार, अर्पित कुमार, लाभांश कोचर परिवार ने लिया। आज की संध्या की भक्ति का आयोजन राजेन्द्र कोचर के निज निवास पर किया गया। दोपहर में शांति स्नात्र पूजा का आयोजन भी किया गया।

पाडली गुसाईं कांड में सनसनीखेज खुलासा

चोर नहीं, कलयुगी बेटा ही निकला पिता का हमलावर, खर्च के विवाद में सो रहे पिता पर किया था कुल्हाड़ीनुमा हथियार से वार

गांव में रोज भैंस चोरी करने वालों की फैल रही थी दहशत, मारने की बनाई थी प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



आरोपी दीपक पुरी





आरोपी का पिता कमल पुरी

मलावर थानांतर्गत आने वाले ग्राम पाडली गुसाईं में शनिवार सुबह चार बजे के आसपास किसान कमल पुरी पर चोरो ने जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में मालावर पुलिस ने चंद घंटों में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए घटना का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस के मुताबिक रात के अंधेरे में गांव भैंस चुराने आए अज्ञात चोरों द्वारा हमले की जो कहानी गढ़ी गई थी, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और झूठी निकली। कमल पुरी की गर्दन और शरीर पर जानलेवा हमला करने वाला कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि उसका सगा बेटा दीपक पुरी ही निकला। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

खर्च नहीं मिलने और पत्नी के मायके जाने से था नाराज

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी बेटे दीपक ने पूछताछ में हमले की खौफनाक वजह का खुलासा किया। उसने बताया कि पिता कमल पुरी उसे रोजमर्रा के खर्च के लिए पैसे नहीं देते थे और आए दिन उसकी पत्नी के साथ झगड़ा करते थे। इसी कलह के चलते तंग आकर उसकी पत्नी मायके चली गई थी। पिता के इस रवैये से दीपक लगातार गुस्से में था और उसने अपने ही पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

रात 2 बजे किया हमला, झूमाझटकी के बाद बेहोश हुए पिता

दीपक ने बताया कि उसने वारदात को सुबह नहीं, बल्कि रात करीब 2 बजे अंजाम दिया था। जब पिता गहरी नींद में सो रहे थे, तभी उसने धारदार हथियार से अचानक उनकी गर्दन पर वार कर दिया। हमले से संभलते हुए पिता और बेटे के बीच कुछ देर झूमाझटकी भी हुई, लेकिन खून से लथपथ होकर कमल पुरी वहीं जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए।

2 घंटे तक देखता रहा पिता की हालत, सांसें चलती देख रचा ड्रामा

वारदात के बाद आरोपी करीब दो घंटे तक मौके पर ही रहा। जब 4 बजे तक भी पिता की सांसें चलती रहीं और वे मरे नहीं, तो दीपक बुरी तरह घबरा गया। उसे लगा कि यदि पिता बच गए तो उसका भेद खुल जाएगा या फिर उसे पिता को बचाना पड़ेगा। खुद को बचाने के लिए उसने तुरंत गांव में पिछले 17 दिनों से चल रही चोरी की वारदातों का फायदा उठाने का मन बनाया। उसने सुबह करीब 4 बजे अपने छोटे भाई को जगाया और चीख-पुकार मचाना शुरू कर दिया कि घर में घुसे अज्ञात चोरों ने भैंस चुराने के दौरान पिता पर हमला कर दिया है।

गांव में भैंस चोरी का 17 दिन से फैला रखी थी दहशत

शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तुरंत एकत्रित हुए और पुलिस को सूचना दी। 17 दिनों में तीसरी वारदात की खबर से गांव में आक्रोश फैल गया। मौके पर मालावार थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल पिता को नरसिंहगढ़ अस्पताल भेजा। वहां उसकी हालत नाजुक देख भोपाल रेफर कर दिया गया हैं, और इधर जब घटनास्थल का मुआयना किया तो उन्हें किसी बाहरी व्यक्ति के जबरन घुसने के निशान नहीं मिले।

परिजनों की पूछताछ में हुआ खुलासा

जांच के दौरान जब पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की, तो बेटे दीपक की बातों और हाव-भाव पर पुलिस को गहरा शक हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस उसे तुरंत थाने ले आई। थाने में मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई कड़ी पूछताछ में दीपक अपने ही बयानों में उलझने लगा और पुलिस की सख्ती के आगे टूट गया। उसने कबूल किया कि उसी ने सो रहे पिता पर हमला किया था और फिर चोरी का झूठा ड्रामा रचा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इनका कहना है...

हमने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कमल पूरी पर हमला करने वाला उसका ही पुत्र दीपक पूरी है, उसने कबूल किया है कि पिता उसको खर्च के पैसे नहीं देते थे और उसकी पत्नी से झगड़ा करते थे इसीलिए उसने अपने पिता पर जानलेवा हमला किया।

-रजनीश सिरोठिया,
थाना प्रभारी पुलिस थाना मालावार।

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद

लोग पुलिस से संबंधित किसी भी समस्या को बेहिचक पुलिस के समक्ष रखें: एसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत पीलूखेड़ी क्षेत्र के गीलाखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा सहित कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सीधा संवाद किया।

एसपी ने कहा कि पुलिस से संबंधित किसी भी समस्या को बेहिचक पुलिस के समक्ष रखें। तोलानी ने भूमि विवादों को प्रांरभिक स्तर पर संवाद एवं आपसी सुलह से सुलझाने, सायबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने एवं दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने व शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनविश्वास की अवधारणा के अनुरूप शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन को सरल प्रक्रिया एवं कम से कम खर्च में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार, समग्र पंजीयन एवं लोक सेवा केंद्रों से प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण की समीक्षा की। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों - कर्मचारियों को अधिक से अधिक फील्ड में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने तथा ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

उत्कृष्ट विवेचना के लिए पुलिस अधिकारी सम्मानित

कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुश्री पूजा राठौर को बलात्कार के प्रकरण में प्रभावी विवेचना कर आरोपी को न्यायालय से 20 वर्ष की सजा दिलाने तथा उप निरीक्षक श्री प्रवीण जाट को सुठालिया थाना क्षेत्र के हत्या प्रकरण में प्रभावी विवेचना कर 09 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनविश्वास अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया।

योगेश लिपिक वर्गीय संगठन के जिलाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। सालों बाद लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ में फेरबदल हुई है। संघटन के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने राजगढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थ योगेश नागर को नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रांताध्यक्ष ने श्री नागर को निर्देशित किया है कि वे आगामी 15 दिवस में अपनी नई जिला कार्यकारिणी का गठन करें। नागर की इस नियुक्ति पर साथी कर्मचारियों, लिपिक वर्ग के अन्य सदस्यों, पदाधिकारियों सहित अन्य ने हार-मालाओं से उनका स्वागत, अभिनंदन करते हुए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि करीब 10 वर्षों तक संघटन में जिलाध्यक्ष का दायित्व निभाने वाले जीतेंद्र श्रीवास्तव ने विगत दिवस स्वेच्छा से पद से स्तीफा दिया था ताकि नए ऊर्जावान साथियों को आगे लाया जा सके और वे संघटन के बढ़ावे हेतु अग्रसर हों।

घर से दवाई लेने निकला युवक लापता



सारंगपुर। नगर का एक 28 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 03 निवासी विनोद मालवीय ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका बड़ा भाई कमल मालवीय पिछले कुछ समय से शराब का आदी था और मानसिक रूप से भी कमजोर था। रिपोर्ट के अनुसार 11 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे कमल घर से दवाई लेने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने पहले आसपास के क्षेत्र और सारंगपुर कस्बे में उसकी तलाश की तथा रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।परिजनों ने पुलिस को बताया कि कमल की उम्र करीब 28 वर्ष, कद लगभग 5 फीट 5 इंच, शरीर दुबला-पतला है। वह चैकड़ी वाली सफेद शर्ट, नीलीगहरी पैंट तथा पैरों में काली चप्पल पहने हुए था।

मुख्य सड़क मार्ग पर पेड़ों कि लटकती टहनिया विभाग की लापरवाही से हादसे को दे सकती जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर सहित नगर के मुख्य मार्ग जीरापुर-माचलपुर सड़क जो कि लव-कुश चैराहा के समीप माचलपुर सड़क के दोनों साइड पर पेड़ों की टहनियां लटक रही जो कभी बड़े हादसा की वजह बन सकता है। यह टहनियां सड़क के किनारे लटक रही जिससे आने जाने वाले वाहन एक दूसरे से निकट निकलते हैं जो दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मुख्य सड़क मार्ग होने से भारी वाहनों सहित दो पहिया वाहन एवं नजदीक रहवासी क्षेत्र एवं नगर के किसानों कि कृषि भूमि होने से पैदल राहगीरों का आवागमन बना रहता है ऐसे में पेड़-पौधों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।यहां आमने-सामने के वाहनों के अलावा साइड से निकलने वाले वाहनों की हमेशा भरमार रहती है। तेज गति और लापरवाही से गुजरने वाले वाहनों की असावधानी 'कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

उल्लेखनीय है कि यह सड़क मार्ग सोयत एवं बकानी राजस्थान दो प्रमुख मार्गों को जोड़ता है, जिससे दिन रात हर समय यहां आवागमन का दबाव बना रहता है।नगर के इंदर चैराहा पर एक पेड़ ऐसा जो मुख्य रास्ता के दुसरे सिरे तक अपनी टहनियां लटकाये हुए हैं। तथा लव-कुश चौराहा से आगे मुख्य सड़क मार्ग मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के अन्तर्गत आता है लेकिन अधिकारियों की अनदेखी से स्थिति दुर्घटना का इंतजार कर रही है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के किनारे साइडों पर मुरम से समतलीकरण कर दिया जाए और सड़क के नजदीक लटकने वाली टहनियों को हटा दिया जाए तो आवागमन में बाधा नहीं होवेगी तथा आवागमन व्यवस्थित हो सकता है।

इनका कहना है

नगर के पेड़ो की टहनियों को जल्द ही सही करवा दिया जाएगा। जिससे लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी।

-देवनारायण दांगी, सीएमओ नगर परिषद जीरापुर

सागर में जहरीली शराब से हुई मौत के बाद जागा प्रशासन, 5 गांवों में आबकारी की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अवैध शराब के 4 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद प्रशासन और आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को आबकारी विभाग की टीम ने सारंगपुर क्षेत्र के पांच गांवों में एक साथ दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार की जांच की। टीम ने गुलावता, धामंदा, छापरा, चिलडवानिया और सुल्तानिया में गश्त के साथ सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की भी जांच की। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से मदिरा का विक्रय करते पाए जाने पर कुल चार प्रकरण दर्ज किए गए। मौके से 2 पेटी देशी प्लेन मदिरा तथा 6 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की गई।

कलेक्टर राजगढ़ डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर वृत्त प्रभारी अंकित चैहान के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। जांच के दौरान अवैध मदिरा विक्रय के मामले सामने आने पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत तीन तथा धारा 49(1)(क) के तहत एक प्रकरण दर्ज किया गया। सभी प्रकरणों को विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान जब्त देशी एवं हाथभट्टी मदिरा को नियमानुसार आबकारी विभाग के कब्जे में लिया गया। टीम ने संबंधित स्थानों की जांच करते हुए अवैध शराब के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन की गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं शिवम पचाया ने भी टीम के साथ सक्रिय भूमिका निभाई। विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

कल शुभ मुहूर्त में विराजेंगे गणपति बप्पा हरतालिका व गणेश चतुर्थी का विशेष संयोग



सारंगपुर। प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश के स्थापना उत्सव को लेकर नगर सहित क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। विभिन्न गणेश उत्सव समितियों द्वारा पांडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कहीं ढांचे तैयार हो चुके हैं तो कहीं रंग-रोगन, विद्युत सज्जा, प्रवेश द्वार और धार्मिक झांकियों को आकर्षक स्वरूप देने का कार्य जारी है। इस वर्ष गणेशोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर सोमवार को होगा। पंचांग के अनुसार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि इसी दिन रहेगी। गणेशोत्सव का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणपति विसर्जन के साथ होगा। इस बार 14 सितंबर को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का विशेष संयोग बन रहा है। हरतालिका तीज पर महिलाएं भगवान शिव-पार्वती का पूजन करेंगी, वहीं घरों और पांडालों में भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं. पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार भगवान गणेश का प्राकट्य भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के मध्याह्न काल में हुआ था। इसलिए गणपति स्थापना के लिए मध्याह्न काल विशेष माना जाता है। अभिजीत मुहूर्त 11:58 से 12:47 बजे तक रहेगा, जबकि गणेश पूजा के लिए मध्याह्न काल लगभग 11:02 से 1:31 बजे तक विशेष रहेगा। बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। प्रतिमाओं, पूजा सामग्री, सजावटी सामान और पंडाल सामग्री की मांग बढ़ी है।

विजया कॉन्वेंट की छात्राओं का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए



ANURADHA TOMAR



ANJANA CHAUHAN

जीरापुर। विजया कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल की दो प्रतिभावान छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ।छात्रा अनुराधा तोमर जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) के लिए तथा छात्रा अंजना चैहान हाई जंप (ऊँची कूद) प्रतियोगिता में चयन हुआ। दोनों छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा खेल भावना एवं मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय मैनेजर रेव फादर जॉस कोंडूर, प्राचार्य बेबी पैथ्रोस , उप-प्राचार्य रवि राठौर, हेडमास्टर जित्तू के इग्नाटियस, खेल शिक्षक पीआरओ-एम.एस. कुरैशी, महेंद्र सिंह, सुनीता तोमर, शुभव सिंह सहित कान्वेंट स्कूल शिक्षक, स्टाफ परिवार ने शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों एवं अन्य गतिविधियों को विशेष महत्व देकर हर विधार्थी के लिए बेहतर शैक्षणिक कार्य सम्पादन करते है। क्योंकि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करते हैं।

मातृ-शिशु मृत्यु दर की समीक्षा, कम प्रगति वाले ब्लॉक को 1 हफ्ते की मोहलत दी गई

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शनिवार को कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशों पर जिले की मातृ एवं शिशु मृत्यु प्रकरणों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान ने प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के 262 शिशु मृत्यु प्रकरण रिपोर्ट हुए हैं, जिनके सटीक कारणों का पता लगाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही जिले में कुल 5 मातृ मृत्यु प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट और उपचार संबंधी सभी दस्तावेजों के आधार पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन ने पीपीटी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य टीमों को बुला कर प्रत्येक मातृ मृत्यु प्रकरण की गहन समीक्षा की। समीक्षा में शामिल 5 मातृ मृत्यु प्रकरणों में ब्यावरा से 1 प्रकरण, राजगढ़ से 2 प्रकरण और नरसिंहगढ़ से 2 प्रकरण शामिल थे।

मृतका के परिजनों को भी विशेष रूप से बुलाया गया था। अधिकारियों ने परिजनों से महिला की शुरुआती स्वास्थ्य समस्याओं से लेकर अस्पताल में उपचार मिलने तक के पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और उचित कार्यवाही के निर्देश दिये। शिशु मृत्यु समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य पोर्टल पर कम उपलब्धि दर्ज कराने वाले ब्लॉकों को कार्य सुधारने के लिए एक सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य उन गलतियों को चिन्हित करना है जिनके कारण मृत्यु हुई।

7 दिवसीय सप्ताह जी का समापन, हनुमान से लेकर तिरुपति बालाजी और गणेशजी की चलित झांकियों ने मन मोह लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर एवं क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र श्री चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय सप्ताह जी का शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर मंदिर से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भजन-कीर्तन के बीच महिला-पुरुष श्रद्धालु नाचते-गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान बालाजी की आकर्षक झांकी चल रही थी। इसके पीछे ट्रैक्टरों पर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों से सजी झांकियां निकाली गईं। विशेष रूप से चलित झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। इनमें भगवान हनुमान, तिरुपति बालाजी, वानर, गणेशजी एवं उनके वाहन मूषक, जोकर सहित विभिन्न पात्रों की सजीव प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इन झांकियों को देखने के लिए उत्साहित नजर आए।

डीजे पर गूंज रहे भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने उत्साह के साथ झांकियों का स्वागत किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस श्री चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से महाआरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।सात दिनों तक चले संगीतमय सप्ताह जी के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता रही। आकर्षक झांकियों और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया।

नेशनल लोक अदालत में तीन साल बाद परिवार जुड़ा

दो बच्चों के भविष्य के लिए भुलाए मतभेद, पति-पत्नी फिर हुए एक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शनिवार को न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में एक पारिवारिक विवाद का सुखद समाधान हुआ। करीब तीन वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी ने आपसी मतभेद भुलाकर अपने वैवाहिक जीवन को एक और मौका देने का निर्णय लिया। दोनों के दो बच्चे हैं, जिनके भविष्य और परिवार की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से राजीनामा कर लिया।

जानकारी के अनुसार, पति द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13(क) के तहत विवाह विच्छेद के लिए प्रकरण अपर जिला न्यायाधीश तरुण सिंह के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। नेशनल लोक अदालत के दौरान न्यायालय ने दोनों पति-पत्नी को समझाइश देते हुए परिवार को साथ रखने और आपसी मतभेद दूर करने की सलाह दी। न्यायालय की समझाइश के बाद दोनों ने विवाद समाप्त कर पुनः साथ रहने की सहमति जताई। इस दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पति की ओर से अधिवक्ता बी.एस.पुष्पद तथा पत्नी की ओर से अधिवक्ता शादाब खान ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और बच्चों के भविष्य तथा परिवार की खुशहाली को प्राथमिकता देते हुए आपसी विवाद समाप्त करने के लिए प्रयास किया। राजीनामे के बाद दोनों ने न्यायालय के समक्ष साथ रहने की सहमति व्यक्त की। इसके बाद करीब तीन वर्षों से चली आ रही दूरी समाप्त हुई और पति-पत्नी दोबारा साथ अपने घर के लिए रवाना हुए। यह प्रकरण इस बात की मिसाल बना कि न्याय केवल विवाद का फैसला करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समझाइश और आपसी सहमति के माध्यम से टूटते परिवार को फिर से जोड़ने का माध्यम भी बन सकता है। नेशनल लोक अदालत में हुआ यह राजीनामा पति-पत्नी के साथ उनके दो बच्चों के लिए भी नई शुरुआत साबित हुआ।

आम सूचना

हमारे पक्षकार बृजेश परमार पिता भेरूसिंहजी नि. हडलाई कला-तह. पोलाय जिला शजापुर म.प्र. द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं निर्देशन अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उन्होने बारादुवारी राजगढ़ स्थित भूमि सर्वे क्र 7/11 में से अपना हिस्सा रकबा 8.75 बीघा क्रय करने हेतु प्रेमकुंवर बाई पिता प्रभूनाथ सिंह आदि से सौदा किया है जिसका विक्रय पंजीयन हमारे पक्षकार द्वारा करवाना है। अतः इसमें जिस किसी को कोई आपत्ति होवे वह इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करे। अवधि समाप्ति बाद आपत्ति अमान्य रहेगी।

भवदीय बी. एम. सक्सेना
एडवोकेट, राजगढ
9425622077